भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2681**
उत्तर देने की तारीख 09.03.2026

**एनएमसीएम के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण**

**2681. श्री हनुमान बेनीवाल :**
**एडवोकेट चन्द्र शेखर :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के अंतर्गत अब तक उत्तर प्रदेश और राजस्थान में पंजीकृत कलाकारों, लोक कला समूहों और सांस्कृतिक संस्थानों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नागौर, डीडवाना-कुचामन, जोधपुर, फलौदी, बाड़मेर, बीकानेर और पाली जिलों सहित उत्तर प्रदेश और राजस्थान के सभी जिलों में सांस्कृतिक संसाधनों का डिजिटल मानचित्रण पूर्ण कर लिया है;

(ग) यदि हाँ, तो इसके पूर्ण होने के लिए निर्धारित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ग्रामीण और जनजातीय कलाकारों का समावेशन सुनिश्चित करने के लिए उक्त मानचित्रण अभियान के तहत किए गए/किए जा रहे विशेष उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): मेरा गाँव मेरी धरोहर (एमजीएमडी) राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) के अंतर्गत एक प्रमुख घटक है। एमजीएमडी गाँव की सांस्कृतिक प्रोफ़ाइल के हिस्से के रूप में कलाकारों, लोक कला समूहों और सांस्कृतिक संस्थानों का प्रलेखीकरण करता है और इसमें पंजीकरण का प्रावधान नहीं है। एमजीएमडी पोर्टल पर दर्ज डेटा का उत्तर प्रदेश और

राजस्थान सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए ग्राम-वार रखरखाव किया जाता है, न कि व्यक्तिगत सांस्कृतिक घटकों के अनुसार। तथापि, उक्त राज्यों में गाँव की सांस्कृतिक प्रोफ़ाइल के हिस्से के रूप में प्रलेखित कुछ कलाकारों, लोक कला समूहों और सांस्कृतिक संस्थानों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): एमजीएमडी पोर्टल उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित भारत भर में ग्राम स्तर पर सांस्कृतिक संसाधनों का संरचित प्रारूप में प्रलेखन करता है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ विरासत स्थलों, मौखिक परंपराओं, मान्यताओं और रीति-रिवाजों, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय स्थलों और कला रूपों आदि को शामिल किया जाता है।

उत्तर प्रदेश में कुल 110878 गाँवों में से 103003 गाँवों का मानचित्रण किया जा चुका है।

राजस्थान में कुल 46744 गाँवों में से 46696 गाँवों का मानचित्रण किया जा चुका है।

संबंधित जिलों में कवरेज की स्थिति इस प्रकार है:

i. नागौर जिला – 1669 गाँव (पुनर्गठन से पूर्व डीडवाना-कुचामन जिला सहित)
ii. जोधपुर जिला, फलोदी ब्लॉक - 132 गाँव
iii. बाड़मेर जिला – 2955 गाँव
iv. बीकानेर जिला - 1154 गाँव
v. पाली जिला – 1055 गाँव

एनएमसीएम के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण, उसका अद्यतनीकरण और सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है और शेष गाँवों के प्रलेखीकरण का कार्य किया जा रहा है।

(घ): एमजीएमडी अपने प्रलेखन कार्यों के अंतर्गत भारत भर में ग्रामीण स्तर पर सांस्कृतिक घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है, जिनमें विरासत स्थल, मौखिक परंपराएँ, मान्यताएँ और रीति-रिवाज, ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय स्थलचिह्न, मेले और त्यौहार, पारंपरिक परिधान, आभूषण, पारंपरिक भोजन तथा जहाँ उपलब्ध हों, वहाँ स्थानीय कलाकार और कला रूप शामिल हैं।

एमजीएमडी से संबंधित डेटा का ग्राम-वार रखरखाव किया जाता है, न कि व्यक्तिगत घटकों के अनुसार। तथापि, उत्तर प्रदेश में प्रलेखित कुछ जनजातीय समुदायों में भोटिया, बुक्सा, जौनसारी, राजी, थारू, गोंड, धुरिया, पथारी, खैरवार, पंखा और बैगा शामिल हैं। इसी प्रकार, राजस्थान में मानचित्रित कुछ जनजातीय समुदायों में भील, कालबेलिया, गरासिया, सहारिया, कमाड़ और मीणा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लिए प्रलेखित कुछ प्रसिद्ध ग्रामीण और जनजातीय कलाकारों का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

**अनुलग्नक– I**

**'एनएमसीएम के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 09 मार्च, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2681 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

एमजीएमडी पर उत्तर प्रदेश के प्रलेखित कुछ लोक कलाकार और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | कलाकार | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | गोरख राम | लोक संगीत |
| 2. | शत्रुघ्न पासवान | लवंडा कलाकार |
| 3. | रामभर पासवान | जोड़ी वादक |
| 4. | शिवनाथ | लोक संगीत |
| 5. | नथुनी पासवान | पखावज वादक |
| 6. | महेंद्र यादव | बिरहा गायक |
| 7. | कन्हैयालाल | ढोलक वादक |
| 8. | कमलेश प्रसाद | झाम वादक |
| 9. | सुखलिया | कोल नर्तक |
| 10. | छोटेलाल | आल्हा गायक |

एमजीएमडी पर उत्तर प्रदेश के प्रलेखित कुछ लोक कला समूह और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | लोक कला समूह | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | शत्रुघ्न पासवान और समूह | लवंडा नाच |
| 2. | महेंद्र यादव और समूह | भजन |
| 3. | रामप्रित और समूह | बिदेसिया |
| 4. | अमरजीत मौर्य और समूह | नायकवा / बंजरवा संगीत |
| 5. | श्रीकृष्ण और समूह | बारहमासी प्रदर्शन |
| 6. | हरि शंकर आचार्य और समूह | लोकगीत- लमटेरा , गारी, आदि। |

एमजीएमडी पर उत्तर प्रदेश के प्रलेखित कुछ सांस्कृतिक संस्थान

| क्र. सं. | सांस्कृतिक संस्थान | विषय |
|---|---|---|
| 1. | बुद्ध संग्रहालय | दुर्लभ कलाकृतियाँ – प्राचीन मूर्तियाँ, टेराकोटा, और थंगका पेंटिंग। |
| 2. | औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति लिमिटेड | कारीगर कोऑपरेटिव - फर्नीचर, सजावट के सामान और लैकरवेयर के लिए पारंपरिक लकड़ी की नक्काशी। |

एमजीएमडी पर राजस्थान के प्रलेखित कुछ लोक कलाकार और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | कलाकार | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | मोहन लाल चतुभुज कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 2. | खेमराज कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 3. | राजेंद्र कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 4. | हिम्मत लाल कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 5. | जमना लाल कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 6. | प्रेम शंकर कुम्हार | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 7. | गोवर्धन नाथ | कालबेलिया नृत्य |
| 8. | जमन लाल भांड | बाक्या वादक |
| 9. | राम निवास बैरवा | नुक्कड़ नाटक और कठपुतली शो |
| 10. | सत्य नारायण सुथार | कावड़ कला |
| 11. | द्वारका प्रसाद जागीर | कावड़ कला |

एमजीएमडी पर राजस्थान के प्रलेखित कुछ लोक कला समूह और उनके संबंधित कला रूप

| क्र. सं. | लोक कला समूह | कला रूप |
|---|---|---|
| 1. | सारदा कालबेलिया और समूह | कालबेलिया नृत्य |
| 2. | बाड़मेर के सारंगिया लंगा | सारंगी वादक |
| 3. | राजकी सपेरा मंडली | कालबेलिया नृत्य, चरी नृत्य, घूमर नृत्य और ग्रामीण भवई नृत्य। |
| 4. | बाबूलाल भट्ट और समूह | राजस्थानी मांड लोकगीत |
| 5. | पूनमा राम और पद्मा राम | पावा वादक (लोक वाद्ययंत्र) |

एमजीएमडी पर राजस्थान के प्रलेखित कुछ सांस्कृतिक संस्थान

| क्र. सं. | सांस्कृतिक संस्थान | विषय |
|---|---|---|
| 1. | मोहन टेराकोटा कला अनुसंधान एवं विकास केंद्र | मांडशिल्प - टेराकोटा रिलीफ आर्ट |
| 2. | बेयरफुट कॉलेज सामाजिक कार्य और अनुसंधान केंद्र | हथकरघा, चमड़े का काम, लकड़ी की नक्काशी, कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक, बाक्य वायु वाद्य यंत्र |
| 3. | हंथेली संस्थान | पारंपरिक और लोक शिल्प |
| 4. | रूपायन संस्थान | लोककथा संरक्षण |
| 5. | अर्ना झरना | रेगिस्तान संग्रहालय |

**''एनएमसीएम के अंतर्गत सांस्कृतिक मानचित्रण' के संबंध में दिनांक 09 मार्च, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2681 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

एमजीएमडी पर उत्तर प्रदेश के प्रलेखित कुछ आदिवासी कलाकार और उनके संबंधित कला रूप

| **क्र. सं.** | **आदिवासी कलाकार** | **आदिवासी कला रूप** |
|---|---|---|
| **1.** | बेला | कोल नर्तक |
| **2.** | सुखलिया | कोल नर्तक |
| **3.** | बूटी बाई और समूह | कोल लोक संगीत |
| **4.** | दादूलाल कोल्हाई समूह | कोल लोक संगीत |

एमजीएमडी पर राजस्थान के प्रलेखित कुछ आदिवासी कलाकार और उनके संबंधित कला रूप

| **क्र. सं.** | **आदिवासी कलाकार** | **आदिवासी कला रूप** |
|---|---|---|
| **1.** | गुलाबो सपेरा | कालबेलिया नृत्य |
| **2.** | विद्या देवी सोनी | मंडाना कला |
| **3.** | यशपाल बरंडा | भील चित्रकला |
| **4.** | मोहनलाल कुम्हार | मोलेला टेराकोटा |
| **5.** | मांगीलाल भील | मोर पंख कला |

*****